आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 13.05.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश में ऊर्जा और ईंधन बचत के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी। अब तक 11 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किए।
- पिथौरागढ़ जिले के कुमौड़ वार्ड में सीवर लाइन विस्तारीकरण कार्य का शुभारंभ। शहर की सीवरेज व्यवस्था मजबूत होगी।
- हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने ग्राम पंचायत भगतनपुर आबिदपुर में चंद्रभागी मत्स्य सेवा केंद्र में संचालित रंगीन मत्स्य पालन क्लस्टर का निरीक्षण किया।

**मंत्रिमंडल बैठक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश में ऊर्जा और ईंधन बचत के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अब सरकारी विभागों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित बैठकों को बढावा दिया जाएगा। निजी क्षेत्रों में भी वर्क फ्रॉम होम को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही लोगों को सार्वजनिक परिवहन के अधिकतम उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री और मंत्रियों की फ्लीट में वाहनों की संख्या को आधा करने का निर्णय लिया गया। सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे घोषित किया जाएगा और जन सामान्य को भी इसके लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा परिवहन विभाग को सार्वजनिक बसों की सेवा और क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। सरकारी कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जल्द ही प्रभावी नीति लाई जाएगी। नए सरकारी वाहनों की खरीद में 50 प्रतिशत अनिवार्य तौर पर इलेक्ट्रिक वाहन होंगे। बैठक में पीएनजी कनेक्शनों के संयोजनों को मिशन मोड में चलाने का फैसला किया गया। होटल, रेस्टोरेंट और सरकारी आवासों में पीएनजी के उपयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में ''विजिट माय स्टेट'' अभियान के माध्यम से घरेलू पर्यटन को बढावा देने, ''मेरा भारत–मेरा योगदान'' जैसे जन–जागरूकता अभियान चलाने, मेड इन स्टेट अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने और सरकारी खरीद में मेक इन इंडिया नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।

**चारधाम यात्रा**

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी है। अब तक 11 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब तक चार लाख 91 हजार से ज्यादा यात्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ यात्रा में सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। आज सुबह से ही केदारनाथ के मुख्य पड़ाव सोनप्रयाग में यात्रियों की भीड़ जुटी रही। पुलिस ने लाइन लगाकर यात्रियों को केदारनाथ की ओर रवाना किया। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध करते हुए सोनप्रयाग शटल सेवा प्वाइंट पर भिजवाया गया, जहां से श्रद्धालुओं ने शटल सेवा से गौरीकुण्ड पहुंचकर केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया।

**चारधाम पंजीकरण**

हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्री सुगमता से ऑफलाइन पंजीकरण करा रहे हैं। पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल का कहना है कि पंजीकरण केंद्र में आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए कूलर, पंखों, पीने के पानी और शौचालय की व्यवस्था की गई है। इसके आलाव यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें जरूरी दवा आदि भी दी जा रही है। वहीं, मध्य प्रदेश के ग्वालियर से आए श्रद्धालु संजय कुमार बंसल भी पंजीकरण व्यवस्था से काफी संतुष्ट नजर आए।

**सीबीएसई परिणाम**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सी.बी.एस.ई. ने आज कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। सी.बी.एस.ई. ने एक बयान में बताया कि 17 लाख 68 हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 15 लाख 7 हजार से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 85 दशमलव दो–शून्य प्रतिशत है। जबकि छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88 दशमलव आठ–छह प्रतिशत है, जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82 दशमलव एक–तीन प्रतिशत है।

**सीवर लाइन**

पिथौरागढ़ जिले के कुमौड़ वार्ड में राज्य सेक्टर कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित सीवर लाइन विस्तारीकरण कार्य का आज शुभारंभ किया गया। इस परियोजना पूरी होने के बाद लगभग 90 परिवारों और 451 से अधिक लोगों को सीवरेज कनेक्शन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर मेयर कल्पना देवलाल ने कहा कि निराड़ा–कुमौड़ क्षेत्र में लंबे समय से सीवर लाइन की समस्या बनी हुई थी, जिसके चलते सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही थीं और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन विस्तारीकरण से क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी।

**मत्स्य क्लस्टर**

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज ग्राम पंचायत भगतनपुर आबिदपुर में चंद्रभागी मत्स्य सेवा केंद्र में संचालित रंगीन मत्स्य पालन क्लस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिले का यह पहला मत्स्य क्लस्टर है, जहां किसानों द्वारा रंगीन मत्स्य पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करते हुए आत्मनिर्भर बनाना है।

**रुद्रनाथ कपाट**

चमोली जिले में स्थित रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आगामी 18 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। मंदिर समिति और प्रशासन की टीम कपाट खोलने की तैयारियों को लेकर जुटी हुई है। और ब्यौरा हमारे चमोली संवाददाता से–

**संवाद कार्यक्रम**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अपवंचित व कमजोर वर्ग के बच्चों के दाखिले में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज उत्तरकाशी जिला मुख्यालय में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने भटवाड़ी विकासखंड के अपवंचित व कमजोर वर्ग के बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ सीधा संवाद कर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम का लाभ हर पात्र बच्चे तक पहुंचना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी बच्चा आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। इस दौरान जिलाधिकारी 23 आर्थिक रूप से कमजोर छात्र–छात्राओं को स्कूल बैग, ट्रैक सूट और जूते सहित अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री वितरित की।